कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर–228118
*Kamla Nehru Institute of Physical & Social Sciences, Sultanpur-228118*
सम्बद्धः डॉ. रा.म.लो. अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ0प्र0)
(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वायत्त संस्था नैक (NAAC) द्वारा 'A' श्रेणी में मूल्यांकित)
*(Accredited by NAAC with 'A' grade)*
Email_ID: principalknipss@gmail.com, Website: www.knipss.ac.in
& Fax: 05362-240854
: 9984876699

पत्रांकः के.एन.आई. /  / 2022–23

दिनांकः 25/04/2023

प्रेषक,

**प्राचार्य,**
के.एन.आई.पी.एस.एस.,
सुलतानपुर (उ0प्र0)।

सेवा में,

**कुलसचिव / समन्वयक,**
राष्ट्रीय सेवा योजना,
डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
अयोध्या (उ0प्र0)।

विषयः **राष्ट्रीय सेवा योजना के एक–दिवसीय सामान्य शिविर की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि वर्तमान में हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चार इकाईयाँ कार्यरत हैं। **द्वितीय इकाई** के एक–दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन क्रमशः दिनांक 04.09.2022, दिनांक 09.10.2022, दिनांक 06.11.2022 एवं दिनांक 19.02.2023 को चयनित **ग्राम रतनपुर, जिला सुलतानपुर** में सम्पन्न हुआ। इस एक दिवसीय सामान्य शिविर में 100 स्वयं सेवक / सेविकाओं ने प्रतिभाग किया, जिसकी विस्तृत आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

सधन्यवाद!

भवदीय

21/4/23

**(प्रो0 आलोक कुमार सिंह)**
प्राचार्य

प्राचार्य
कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक
विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर

# डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### के0एन0आई0पी0एस0एस0, सुल्तानपुर

### सामान्य कार्यक्रम दिवस (2022–23)

### कार्यक्रमाधिकारी एवं एकदिवसीय शिविर हेतु चयनित ग्राम

| क्रमांक | इकाई | कार्यक्रमाधिकारी का नाम | चयनित ग्राम |
|---|---|---|---|
| 01 | द्वितीय | डॉ0 रवि प्रकाश मिश्रा | ग्राम–रतनपुर, जनपद–सुल्तानपुर |

एवं

## आख्या विवरण (2022–23)


| कमांक | कार्यकम/आख्या विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य कार्यक्रम की कार्ययोजना | 01 |
| 2 | सामान्य कार्यक्रम आख्या | 02 – 08 |
| 3 | छायाप्रति | 09 – 13 |


**(डॉ0 रवि प्रकाश मिश्रा)**
कार्यक्रमाधिकारी
इकाई– द्वितीय
के.एन.आई.पी.एस.एस.
सुल्तानपुर (उ0प्र0)

कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई द्वितीय
कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक
विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर (उ०प्र०)

**वर्ष–2022–23 में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम की कार्य योजनाः–**

**महाविद्यालय का नामः–कमला नेहरू भौतिक एंव सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर**

**इकाईः–द्वितीय**

**छात्र संख्याः–100**

चयनित गॉव व कस्बा का नाम एवं महाविद्यालय से दूरीः– ग्राम रतनपुर, जनपद–सुलतानपुर, सुल्तानपुर (3 कि0मी0)

| क्रमांक | दिनॉक | छात्र/छात्रा सं0 | कार्य के घण्टे | स्थान | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.09.2022 | 100 | 04 घण्टे | कला संकाय | अभिन्यास |
| 2 | 03.09.2022 | 100 | 04 घण्टे | कला संकाय | परिचय एंव उद्देश्य |
| 3 | 05.09.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | शिक्षक दिवस |
| 4 | 08.09.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस |
| 5 | 24.09.2022 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस |
| 6 | 01.10.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर गोष्ठी |
| 7 | 02.10.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | गॉधी जयन्ती |
| 8 | 15.10.2022 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | हाथ धुलाई दिवस |
| 9 | 24.10.2022 | 100 | 04 घण्टे | परिसर से बस स्टैण्ड | यातायात गोष्ठी एंव रैली |
| 10 | 31.10.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | राष्ट्रीय एकता दिवस |
| 11 | 08.11.2022 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | सफाई एवं श्रमदान |
| 12 | 15.11.2022 | 100 | 04 घण्टे | सुलतानपुर नगर | विश्व मधुमेह दिवस कार्यक्रम |
| 13 | 21.11.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | साम्प्रदायिक सद्भाव पर जागरूकता रैली |
| 14 | 01.12.2022 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर गोष्ठी |
| 15 | 11.12.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | मानवाधिकार दिवस |
| 16 | 22.12.2022 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | स्वच्छता एंव स्वास्थ्य परिचर्चा |
| 17 | 26.12.2022 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | श्रमदान एंव गोष्ठी |
| 18 | 24.01.2023 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | योग एवं शपथ ग्रहण |
| 19 | 25.01.2023 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | राष्ट्रीय मतदाता दिवस |
| 20 | 26.01.2023 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | गणतन्त्र दिवस समारोह एवं सड़क सुरक्षा शपथग्रहण |
| 21 | 29.01.2023 | 100 | 04 घण्टे | संस्थान परिसर | मानव श्रृंखला द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं शपथग्रहण |
| 22 | 02.02.2023 | 100 | 04 घण्टे | चयनित ग्राम | सफाई एवं जागरूकता रैली |
| कुल घण्टे | | | 88 | | |

## एक दिवसीय शिविर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04.09.2022 | 100 | 8 घण्टे | चयनित ग्राम | वृक्षारोपण एवं पर्यावरण कार्यक्रम |
| 2 | 09.10.2022 | 100 | 8 घण्टे | चयनित ग्राम | हाथ धुलाई एवं स्वच्छता कार्यक्रम |
| 3 | 06.11.2022 | 100 | 8 घण्टे | चयनित ग्राम | साक्षरता एवं जनसंख्या नियंत्रण |
| 4 | 19.02.2023 | 100 | 8 घण्टे | चयनित ग्राम | स्वास्थ्य गोष्ठी (रक्तदान एवं एच.आई.वी.) |
| कुल घण्टे | | | 32 | 120 घण्टे | |

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### सामान्य कार्यक्रम आख्या (नियमित)

### वर्ष– (2022–23)

### द्वितीय इकाई

### चयनित ग्राम–रतनपुर, जनपद–सुल्तानपुर

### छात्र/छात्रा की संख्या – 100

| दिवस | दिनांक | विवरण |
|---|---|---|
| प्रथम कार्यक्रम | 04.09.2022 | के0एन0आई0पी0एस0एस0, सुलतानपुर में संचालित एनएस0एस0 के इकाई द्वितीय वाणिज्य संकाय के सभी स्वयं सेवक/सेविकाओं ने ग्राम रतनपुर जनपद सुलतानपुर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया। यह कार्यक्रम दिनांक 04.09.2022 को प्रातः 08:00 बजे आयोजित हुआ। आज का कार्यक्रम वृक्षारोपण एवं पर्यावरण पर आधारित रहा। सर्वप्रथम कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के शिक्षा संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर बिहारी सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके आज के एक दिवसीय सामान्य शिविर का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात् रतनपुर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए इन्होंने बताया कि पर्यावरण का ज्ञान हमारे जीवन हेतु अति महत्वपूर्ण है। हम पर्यावरण के सानिध्य में रहकर ही जीवन निर्वहन व्यवस्थित तरीके से कर सकते हैं। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश मिश्र ने सभी स्वयं सेवकों/सेविकाओं तथा ग्रामवासियों को बताया कि स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण हमारे जीवन को बेहतर बनाता है। अतः हम सभी की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण प्रदूषण के प्रभाव को कम करने तथा पर्यावरण की मजबूती के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| | | ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएँ। इस कार्यक्रम में अतिथि प्रोफेसर बिहारी सिंह व ग्राम प्रधान श्री अमर बहादुर यादव का स्वागत भी स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने किया। इसके उपरान्त वाणिज्य संकाय के स्वयं सेवकों/सेविकाओं यथा–सुमित, सूरज, विवेक, आलोक, अभिषेक, आदर्श, दिव्या, आँचल, नेहा, आकांक्षा, जया, छवि, दीपिका, दीपांशी, जया, खुशी एवं पूजा आदि ने पर्यावरण संरक्षण हेतु ग्रामीण परिवेश में जागरूकता रैली निकाली तथा ग्रामवासियों को लेकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी सम्पन्न किया। रतनपुर गाँव के सभी घरों में जा–जाकर जीवन में वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व को भी बताया गया। तत्पश्चात् शिविर स्थल पर स्वयं सेवकों/सेविकाओं को सूक्ष्म जलपान ग्रहण कराया गया। सायंकाल कार्यक्रमाधिकारी डॉ० रवि प्रकाश मिश्रा ने सभी ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रधान को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में एन०एस०एस० गीत एवं राष्ट्रगान के साथ दिनांक 04.09.2022 के एक दिवसीय सामान्य शिविर के समापन की घोषणा की गयी। तत्पश्चात् सभी स्वयं सेवक/सेविकाएँ अपने–2 घर को प्रस्थान किए। |
| **द्वितीय कार्यक्रम** | **09.10.2022** | राष्ट्रीय सेवा योजना की वाणिज्य संकाय – इकाई द्वितीय के स्वयं सेवक/सेविकाओं ने चयनित ग्राम पंचायत रतनपुर, सुलतानपुर में दिनांक 09.10.2022 को द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। आज का आयोजन मूलतः हाथ धुलाई एवं स्वच्छता कार्यक्रम पर केन्द्रित रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर के आई०क्यू०ए०सी० के निदेशक प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया |

| | | |
|---|---|---|
| | | गया। वाणिज्य संकाय की स्वयं सेविका सुखमनी और नेहा द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित ग्रामवासियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि महोदय प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित सामुदायिक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया, तत्पश्चात् इनके द्वारा जीवन में व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व पर्यावरणीय स्वच्छता के महत्व को भी समझाया गया। इन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में हाथ धुलाई का इतना महत्व है कि कोविड–19 के दुष्प्रभाव से इसने लाखों हिन्दुस्तानियों को बचा लिया। इस द्वितीय एक दिवसीय कार्यक्रम में द्वितीय इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा निवास करती है, जो कहीं न कहीं स्वच्छता ही इसे आधार प्रदान करता है। अतः व्यक्ति को हाथ धुलाई की प्रक्रिया को अपने जीवन में अनिवार्यतः शामिल किया जाना चाहिए। इसके उपरान्त स्वयं सेवक/सेविकाओं ने 10–10 की टोलियों में चयनित ग्राम रतनपुर के घरों में जाकर प्रत्यक्षतः लोगों को बार–बार हाथ धुलने हेतु जागरूक किया एवं हाथ धुलाया भी।<br>इन स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम में स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम्य स्वच्छता का प्रश्नावली के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया। साथ ही साथ इनके द्वारा आवासीय स्थल एवं स्वयं को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। इन्होंने प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह की बातों को रेखांकित करते हुए ग्रामवासियों को बताया कि बार–बार हाथ की सफाई करने से सूक्ष्म विषाणु व जीवाणु का दुष्प्रभाव हमारे आन्तरिक व वाह्य स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि हम कोविड–19 जैसे आपदा से बचने का |

| | | |
|---|---|---|
| | | यह एक सशक्त उपाय है। हाथ धुलाई एवं स्वच्छता आधारित ग्रामीण जागरूकता सम्पन्न करने के उपरान्त सभी स्वयं सेवकों/सेविकाओं को कार्यक्रमाधिकारी की तरफ से स्वल्पाहार प्रदान किया गया। अंत में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश मिश्रा के आह्वान पर सभी स्वयं सेवकों ने राष्ट्रगान सम्पन्न किया तथा इसी के साथ सायंकाल में द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर के समापन की घोषणा की गयी। |
| तृतीय कार्यक्रम | 06.11.2022 | दिनांक 06.11.2022 को कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय द्वारा चयनित ग्राम पंचायत रतनपुर, सुलतानपुर में तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ हुआ। आज के आयोजन का मूल उद्देश्य चयनित ग्राम में साक्षरता के स्तर को जानना एवं जनसंख्या नियंत्रण नीति से लोगों को अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के ही निर्वतमान प्राचार्य प्रोफेसर राधेश्याम सिंह द्वारा किया गया। इन्होंने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं अपने उद्बोधन में 'साक्षरता' के मायने एवं इसके जनांकिकीय महत्व से उपस्थित ग्रामवासियों को रूबरू कराया। इन्होंने कहा कि इतने बड़े जनसंख्या वाले देश में व्यक्तियों का साक्षर होना भी इसलिए महत्वपूर्ण है कि कई सामाजिक व आर्थिक क्रियाकलापों में होने वाले अनैतिक व्यवहार से बचा जा सकता है। साथ ही साथ इन्होंने भारत की विशाल जनसंख्या पर बोलते हुए कहा कि जब तक समाज के सभी परिवार भारतीय जनसंख्या नीतियों का अक्षरशः पालन नहीं करते, तब तक संसाधनों की उपलब्धता तो दूर निरक्षरता का ग्राफ काफी नीचे नहीं आ |

| | | |
|---|---|---|
| | | सकता। इसके उपरान्त कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में सभी स्वयं सेवक/सेविकाओं ने चयनित ग्राम का दैव निदर्शन विधि से चयनात्मक साक्षरता का सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण में पुरानी पीढ़ी की अपेक्षा नवीन पीढ़ी शिक्षा प्राप्ति में जागरूक नजर आयी। स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामवासियों को साथ ही साथ साक्षर होने से प्राप्त लाभों के बारे में बताया गया। इन स्वयं सेवकों ने जनगणना 2021 की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनसंख्या नीति के अनुपालन हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया एवं भविष्य में बेतहासा जनवृद्धि के दुष्परिणाम को भी प्रकाश में लाया। 'हम दो हमारे दो' के उद्देश्यों को भी रेखांकित किया गया। इसके उपरान्त सभी स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने शिविर स्थल पर जलपान ग्रहण किया एवं राष्ट्रगान के साथ आज के एक दिवसीय शिविर के समापन की घोषणा हुई। |
| चतुर्थ कार्यक्रम | 19.02.2023 | चयनित ग्राम रतनपुर, जनपद सुलतानपुर में दिनांक 19.02.2023 को चौथा एक दिवसीय सामान्य शिविर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर में संचालित वाणिज्य संकाय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वितीय के सभी 100 स्वयं सेवक/सेविकाओं ने आज के दिन आयोजित स्वास्थ्य संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर उमाशंकर सिंह, शिक्षा संकाय के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात् कशिश एवं श्वेता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रोफेसर उमाशंकर सिंह ने संगोष्ठी में प्रारम्भिक उद्बोधन दिया और बताया कि स्वास्थ्य की परिचर्चा में लोग केवल मानव स्वास्थ्य पर केन्द्रित हो जाते हैं, जबकि |

| | | |
|---|---|---|
| | | स्वस्थ जीवन हेतु वेदों और पुराणों में समस्त चराचर के स्वस्थ्य दशा की कामना की गयी है। प्राथमिक विद्यालय रतनपुर की प्रधानाध्यापिका विजय कुमारी ने उपस्थित ग्रामवासियों एवं स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सभी व्यक्तियों को अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि समाज की आवश्यकता की आपूर्ति समय से हो जाती है एवं अकस्मात खून की अल्पता से किसी की जान बच जाती है। इसी के साथ–साथ इन्होंने संगोष्ठी में ग्रामवासियों को एच.आई.वी. जैसे असाध्य रोगों से बचाव हेतु सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को अनुपालन करने की सलाह दी। उसी विद्यालय की सहायक अध्यापिका ने कहा कि हमें इस प्रदूषित वातावरण में जीवन निर्वहन करना पड़ रहा है। अतः प्रतिवर्ष सभी को एक बार स्वास्थ्य परीक्षण करा लेना चाहिए, जिससे एक तरफ अपने स्वास्थ्य स्तर का पता चलता है तो दूसरी तरफ शारीरिक बीमारियों से भी अवगत होने का अवसर मिलता है। चयनित ग्राम के ग्राम प्रधान श्री अमर बहादुर यादव ने कहा कि हमारे गाँव में समय–समय पर या नजदीकी शहर में ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगता रहता है, जिसमें अधिकांश ग्रामवासी अपनी आँख, शुगर, एच.आई.वी., बलगम, टीवी व अन्य असाध्य रोगों का परीक्षण कराते रहते हैं।<br>कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश मिश्र ने सभी को धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण कराना एवं स्वास्थ्य दशा के बारे में जानकारी प्राप्त करना एक सामाजिक दायित्व है, क्योंकि इससे प्रत्यक्षतः हमारी कार्यशैली प्रभावित होती है। इसी के उपरान्त वाणिज्य संकाय के आलोक, रेनू व अन्य ने भी इस संगोष्ठी |

| | | |
|---|---|---|
| | | में अपने विचार प्रस्तुत किए। अन्त में सभी स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने स्वल्पाहार ग्रहण किया तथा राष्ट्रगान के साथ–2 आज के चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर के समापन की घोषणा की गयी। |

25/4/23

(प्रो0 आलोक कुमार सिंह)
प्राचार्य

प्राचार्य
कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक
विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर

(डॉ0 रवि प्रकाश मिश्रा)
कार्यक्रमाधिकारी
इकाई–द्वितीय

कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई सं० द्वितीय
भौतिक एवं सामाजिक
सुलतानपुर

# One Day NSS General Camp (2022-23)
# Date: 06-11-2022






# One Day NSS General Camp (2022-23)
# Date: 04-09-2022






# One Day NSS General Camp (2022-23)
# Date: 09-10-2022







Galaxy F13 ~NANCY

# One Day NSS General Camp (2022-23)
# Date: 19-02-2023




